## सी0डी0एल0ए0एस0आर0सी कुलेठी कैम्पस में जिला अधिकारी द्वारा निरीक्षण

दिनांक 13–09–2022 को जिला अधिकारी नरेन्द्र सिंह भण्डारी द्वारा हिमालय वाटर सर्विस तथा विकास एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के सचिव डा0 जी0बी0बिष्ट के सहयोग एवं आग्रह पर राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेठी स्थित हिमवत्स विज्ञान संचालित केन्द्र में निरीक्षण किया गया, इस अवसर पर संस्था सचिव डा0 जी0बी0 बिष्ट द्वारा समस्त गतिविधि को अवगत कराया गया श्री नरेन्द्र सिंह भण्डारी (डी0एम0)के द्वारा कैम्पस में स्थित राज्य की एक मात्र अटल लैब का निरीक्षण किया गया जिसमें जूनियर विद्यालय के बच्चों द्वारा सिखे गये प्रयोगों जैसे– थ्री डी प्रिंटर, ड्रोन आदि का अवलोकन एवं करके दिखाया गया।





इसके बाद जिला अधिकारी द्वारा हिमवत्स संचालित केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम विज्ञान प्रयोगशाला में स्वयं सेवको द्वारा किये गये प्रयोग को बच्चो तक कैसे पहुॅचाते है उसकी जानकारी प्राप्त कर प्रयोग को देखा गया, इसके उपरान्त संस्था की समस्त गतिविधि ( कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय, डिजिटल) को देखा गया और जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही रा0प्रा0वि0 कुलेठी का निरीक्षण किया गया उपलब्ध 49 बच्चों के साथ एकल अध्यापक है जिसके लिए एक अन्य शिक्षक की तैनाती हेतु शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिसमें डी0एम0 द्वारा कैम्पस में हो रहे निर्माण कार्यो जल्दी किये जाने एवं निर्माणाधीन कार्य को यथा समय पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।





इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री चन्दन सिंह बिष्ट, हिमवत्स संस्था के सदस्य श्री राजेन्द्र गहतोड़ी, ग्राम डड़ा बिष्ट के ग्राम प्रधान सुन्दर सिंह नेगी विद्यालय के प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक शिक्षिकायें, ऑगन बॉडी केन्द्र के कार्यकृती एवं हिमवत्स के स्वयंसेवक उपस्थित थे।